# University in News on 10 February 2025

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# राजभवन को शैक्षणिक भवन बनाने का प्रयास




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आयोजित त्रिदिवसीय 56वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि राजभवन आम जनता के लिए है और इसे एक जनभवन के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक के लिए आमजन

- **राज्यपाल ने प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी के विजेताओं को किया सम्मानित**
- **1650 पुरस्कार किए गये वितरित, 80 हजार से अधिक लोगों ने देखी प्रदर्शनी**

राजभवन आते हैं, जिससे उन्हें विशेष प्रसन्नता होती है। उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि छोटे-छोटे बच्चे यहां घूम रहे हैं, खेल रहे हैं और आनंद ले रहे हैं, जो राजभवन के गौरव और सम्मान को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि दूसरों को भी सम्मान दें और उनके गौरव में वृद्धि करें। पुष्प, फल एवं शाकभाजी प्रदर्शनी में प्रथम दिवस 8500, द्वितीय दिवस को 26,000 एवं तृतीय दिवस को 45,000 से अधिक कुल 80,000 से अधिक आगंतुकों का राजभवन आगमन हुआ। तीन दिवस में कुल लगभग 28,000 से अधिक टिकटों की बिक्री हुई, जिसमें प्रथम दिवस 2690, द्वितीय दिवस 11,310 एवं तृतीय दिवस 14,000 से अधिक टिकटों की बिक्री हुई।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदर्शनी और अन्य आयोजनों के माध्यम से राजभवन को एक शैक्षणिक भवन बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे विश्वविद्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी, शिक्षक और अन्य गणमान्य व्यक्ति यहां आकर ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने राजभवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का उल्लेख करते हुए बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य आलू उत्पादकों, व्यापारियों और निर्यातकों को एक मंच पर लाकर आलू व्यापार और निर्यात को नई दिशा देना था। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान आलू उत्पादक संगठनों एवं निर्यातकों के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य राज्य के आलू उत्पादकों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना और निर्यात प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाना है। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों को केवल आलू पर निर्भर न रखें, बल्कि उन्हें मौसमी सब्जियां और ताजे फल खिलाएं, जिससे वे शारीरिक रूप से अधिक स्वस्थ और सशक्त बन सकें। उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों और महिलाओं की विशेष सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।

## HINDUSTAN PAGE 09



राजभवन परिसर में आयोजित प्रादेशिक फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी में विजेताओं को सम्मानित करती राज्यपाल।

## JAGRAN CITY PAGE III




कार्यक्रम में लवि व सीएसएमयू को भी पुरस्कृत किया गया • राजभवन